सेंट थॉमस स्कूल ,लोनी
‘सड़क सुरक्षा पखवाड़ा’
विशेष सभा तथा कार्यशाला

सेंट थॉमस स्कूल लोनी द्वारा दिनांक 27 जुलाई 2023 को सरकार के आदेशानुसार आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत कक्षा चार से आठ के छात्रों द्वारा एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन हिंदी विभाग द्वारा किया गया । इस विशेष सभा का आरम्भ प्रार्थना से किया गया तथा इसके बाद छात्रों द्वारा यह प्रतिज्ञा करवाई गई कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करेंगे तथा सभी को इसका पालन करने के विषय में समझाएँगे। इसके बाद एक हास्य नाटिका के द्वारा बच्चों को सड़क के नियमों का पालन न करने के दुष्परिणामों से अवगत करवाया गया तथा सड़क पर प्रत्येक वर्ष होने वाली दुर्घटनाओं में मारे जाने वाले लोगों के विषय में समझाया गया। इसके बाद सड़क सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों , सड़क के चिह्नों तथा सड़क सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई । जिसे मुख्य अध्यापिका जी द्वारा बहुत पसंद किया गया।